# PAPER - II

# TRANSLATION FROM HINDI TO ENGLISH

## IMPORTANT NOTES FOR CANDIDATES
## परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

(A) It should be ensured by the candidate that the Question–Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें।

(C) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue** ball point pen. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the OMR Sheet.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पॉइंट पेन से सावधानीपूर्वक भरे। ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं।

(D) This OMR Sheet consists of **Three** parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
यह ओ.एम.आर. पत्रक **तीन** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing, then bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(F) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर, मोबाइल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असंबंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा।

**विशेष नोटः**

अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**

If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Answer Script or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

<u>रफ कार्य के लिए जगह</u>

# PAPER - II
# TRANSLATION FROM HINDI TO ENGLISH

Time : 3 Hours
समय : 3 घण्टे

Maximum Marks : 100
अधिकतम अंक : 100

**Note :** 1. Attempt all questions. All questions carry equal marks.
सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. Deduction will be made from marks assigned to the candidate on account of bad handwriting.
अस्पष्ट हस्तलेखन के लिए अभ्यर्थी को प्राप्त अंकों में से अंक काटे जायेंगे।

निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए –

1. यथास्थान पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग करते हुए अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

भारतीय संसद द्वारा पारित 'घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005' महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाता है। यह अधिनियम भारत सरकार और महिला तथा बाल विकास मंत्रालय द्वारा 26 अक्टूबर 2006 से लागू किया गया। यह अधिनियम ऐसी महिलाओं के, जो कुटुम्ब के भीतर होने वाली किसी प्रकार की हिंसा से पीड़ित हैं, संविधान के अधीन प्रत्याभूत अधिकारों के अधिक प्रभावी संरक्षण और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए है। भारतीय कानून में पहली बार 'घरेलू हिंसा' को परिभाषित किया गया है, जिसके अनुसार न केवल शारीरिक हिंसा अपितु हिंसा के अन्य रूप – भावनात्मक, मौखिक, यौन संबंधी और आर्थिक दुर्व्यवहार भी घरेलू हिंसा है।

2. यथास्थान पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग करते हुए अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

प्रारूप सं. 33

साक्षी को समन

(धारा 61 और 244 के अनुसार)

प्रेषिती,

.......................................... (स्थान) का .................................. नाम मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि ................................ (पता) के ............................... (अभियुक्त का नाम) ने .............................. (समय और स्थान सहित अपराध थोड़े में लिखिए) का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और मुझे यह प्रतीत होता है कि संभाव्य है कि आप अभियोजन के लिए तात्विक साक्ष्य दें या कोई दस्तावेज़ या अन्य चीज पेश करें;

इसलिए आपको समन किया जाता है कि ऐसा दस्तावेज या चीज पेश करने या उक्त परिवाद के विषय से संबद्ध आप जो कुछ जानते हो उसका अभिसाक्ष्य देने के लिए इस न्यायालय के समक्ष तारीख .......................... को दिन में दस बजे हाजिर हों और न्यायालय की इजाजत के बिना वहाँ से न जाएँ और आपको इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि न्यायसंगत कारण के बिना, आपने उस तारीख पर हाजिर होने में उपेक्षा की या उससे इंकार किया तो आपको हाजिर होने को विवश करने के लिए वारंट जारी किया जाएगा।

तारीख ............................

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

3. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि फैसले पर पहुँचने का कारण बताने में अगर सही और सहज भाषा का प्रयोग नहीं किया गया तो इससे पूरी न्याय प्रक्रिया का उद्देश्य ही पराजित हो जाता है। न्यायालय के फैसलों की भाषा कठिन होने और जटिल वाक्य विन्यास के कारण वास्तविक अर्थ संप्रेषित नहीं हो पाता। ऐसे फैसलों से सरकार को उनपर अमल करना मुश्किल हो जाता है। उधर दूसरा पक्ष अपील कर देता है, जिससे अदालतों का काम बहुत बढ़ जाता है। न्यायालयों के फैसले स्पष्ट और उन फैसलों का औचित्य सरल और समझाने वाला होना जरूरी है, ताकि आम जनता भी न्यायालय के फैसलों को समझ सके।

4. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – (10)

मानव जाति के प्रति अपनी शिक्षाओं के कारण गाँधीजी पूरी दुनिया में पसंद किये जाते और पूजे जाते हैं। उनकी शिक्षाओं का केंद्रबिंदु है – शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। उनकी यह शिक्षा केवल भारत या यहाँ की जनता तक सीमित नहीं थी, अपितु संपूर्ण मानव जाति के लिए थी। वे चाहते थे सभी मनुष्य स्वतंत्र हों ताकि सबको बाधारहित पूर्ण आत्मज्ञान प्राप्त हो सके। वे एक मनुष्य के द्वारा दूसरे मनुष्य के प्रति होने वाले सभी प्रकार के शोषण को मिटा देना चाहते थे। उनकी दृष्टि में शोषण करना और शोषण का शिकार होना, दोनों ही पाप हैं, न केवल समाज के प्रति बल्कि नैतिक दृष्टि से भी।

5. निम्नांकित उद्धरण का, यथा स्थान समकक्ष तकनीकी शब्दों का प्रयोग करते हुए, अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

राज्य सरकार ऐसी संख्या में और ऐसे स्थानों पर, 'अपील किराया अधिकरणों' का, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, गठन करेगी जो उसके द्वारा आवश्यक समझे जायें।

जहाँ किसी भी क्षेत्र के लिए दो या अधिक 'अपील किराया अधिकरण' गठित किये जायें, वहाँ राज्य सरकार, साधारण या विशेष आदेश से, उनके बीच कार्य के वितरण को विनियमित कर सकेगी।

किसी 'अपील किराया अधिकरण' में, उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त किया जाने वाला केवल एक व्यक्ति (जिसे इसमें आगे अपील किराया अधिकरण का पीठासीन अधिकारी कहा गया है) होगा।

6. निम्नलिखित अवतरण का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

जिस देश की सरकार और राजनीतिक माहौल में ईमानदारी होती है, आमतौर पर वहाँ के लोग भी ईमानदार, मददगार और कानून का पालन करने वाले होते हैं। इसका उल्टा भी उतना ही सच है। बेईमान और भ्रष्ट वातावरण में एक ईमानदार आदमी का जीना मुश्किल हो जाता है, जबकि ईमानदारी भरे माहौल में बेईमान व्यक्ति को भी कठिनाई होती है। यह एक सार्वभौमिक तथ्य है कि अच्छे और अनुकूल वातावरण में एक औसत कर्मचारी की कार्यक्षमता बढ़ जाती है; इसके विपरीत, नकारात्मक वातावरण में अच्छी कार्यक्षमता वाले व्यक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

नकारात्मक और प्रतिकूल परिवेश में सकारात्मकता की अपेक्षा करना दिवास्वप्न ही है।

7. निम्नलिखित उद्धरण का, यथास्थान समकक्ष तकनीकी शब्दों का प्रयोग करते हुए, अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

'दान' किसी वर्तमान जंगम या स्थावर सम्पत्ति का वह अंतरण है, जो एक व्यक्ति द्वारा, जो दाता कहलाता है, दूसरे व्यक्ति को, जो आदाता कहलाता है, स्वेच्छया और प्रतिफल के बिना किया गया हो और आदाता द्वारा या उसकी ओर से किसी द्वारा प्रतिग्रहीत किया गया हो। .......................... यदि प्रतिग्रहण से पहले आदाता की मृत्यु हो जाती है तो दान शून्य हो जाता है।

स्थावर सम्पत्ति के दान के प्रयोजन के लिए वह अंतरण दाता द्वारा या उसकी ओर से हस्ताक्षरित और कम से कम दो साक्षियों द्वारा अनुप्रमाणित रजिस्ट्रीकृत लिखत द्वारा करना होगा।

8. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – **(10)**

विश्व आतंकवाद का दंश झेल रहा है। सर्वत्र युद्ध के बादल हैं। भारत एक शक्तिशाली देश है लेकिन सीमा पर हमारे शत्रु हैं। हमें अपने नाभिकीय ऊर्जा और अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर ध्यान देना चाहिए। अनाथों के पालन – पोषण के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। अनेक विधवाएँ अपने संबंधियों के बुरे व्यवहार के कारण गलियों में खाक छानती हैं। हमारी जनसंख्या प्रतिवर्ष चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। वैमानिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में विज्ञान की छलांग प्रशंसनीय है। कई कारणों से आकाश में मँडराते हुए उपग्रह के बिना कोई जीवन के बारे में सोच भी नहीं सकता।

9. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए – (10)

एक देशभक्त शासक देशहित को सर्वोच्च स्थान देता है। नकली देशभक्त बड़े खतरनाक होते हैं। कायर लोग अपनी मृत्यु के पहले कई बार मरते हैं, परंतु वीर पुरुष मृत्यु का वरण एक ही बार करते हैं। एक राजनीतिज्ञ लोगों की सेवा किये बिना ही सत्ता को झपटकर पकड़ना चाहता है। बेईमान आदमी राष्ट्र के लिए अभिशाप है। वर्तमान युग उपद्रव ग्रस्त है। मानवता खतरे में है।

अंधविश्वास का समाधान केवल सही शिक्षा और वैज्ञानिक मस्तिष्क है। निर्भीकता भी अंधविश्वास का उपचार है। हमें किसी चीज को वैज्ञानिक तरीके से सोचने की आदत डालनी चाहिए।

10. निम्नलिखित विधिक/प्रशासनिक शब्दावली का समकक्ष अंग्रेजी शब्दों में अनुवाद कीजिए – (10)

(i) अधिनियमन ______________________

(ii) यादृच्छिक ______________________

(iii) दीवानी और फौजदारी अदालतें ______________________

(iv) अपात्रता ______________________

(v) अंतरिम व्यादेश ______________________

(vi) पेशकार ______________________________

______________________________

______________________________

(vii) मुख्तारनामा ______________________________

______________________________

______________________________

(viii) विधिक न्यायनिर्णय ______________________________

______________________________

______________________________

(ix) पेशी ______________________________

______________________________

______________________________

(x) ठोस लाभ ______________________________

______________________________

______________________________

---------------------------------------

रफ कार्य के लिए जगह